***प्रेस विज्ञप्ति***

***नई दिल्ली, 31 जुलाई, 2025***

**भारत सरकार**

**Government of India**

**पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (एम. ओ. ई. एस.)**

**Ministry of Earth Sciences (MoES)**

**भारत मौसम विज्ञान विभाग**

# INDIA METEOROLOGICAL DEPARTMENT

## दक्षिण-पश्चिमी मानसून ऋतु के उत्तरार्ध (अगस्त-सितंबर) के दौरान वर्षा का पूर्वानुमान और अगस्त, 2025 के दौरान मासिक वर्षा और तापमान

## Outlook for the Rainfall during Second Half of the SW Monsoon Season (August – September) and Monthly Rainfall and Temperature during August, 2025

**मुख्य अंश**

**क)** **दक्षिण-पश्चिम मानसून ऋतु (अगस्त से सितंबर) 2025 के उत्तरार्ध के दौरान** देश भर में **सामान्य से अधिक वर्षा (दीर्घकालिक औसत (LPA) का 106% से अधिक)** होने की संभावना है। मानसून ऋतु के उत्तरार्ध के दौरान, देश के अधिकांश भागों में सामान्य या सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है, सिवाय पूर्वोत्तर और उसके समीपवर्ती पूर्वी भारत के अनेक क्षेत्रों, मध्य भारत के कुछ इक्का-दुक्का क्षेत्रों और प्रायद्वीपीय भारत के दक्षिण-पश्चिमी भागों को छोड़कर, जहाँ सामान्य से कम वर्षा होने की संभावना है।

ख) **अगस्त 2025 के दौरान** देश भर में **वर्षा सामान्य श्रेणी (दीर्घावधि औसत/LPA का 94 से 106%)** में होने की संभावना है। अगस्त 2025 के दौरान, देश के अनेक भागों में सामान्य या सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है सिवाय मध्य भारत के कई भागों, प्रायद्वीपीय भारत के पश्चिमी भागों, पूर्वोत्तर भारत तथा पूर्व और उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ भागों को छोड़कर, जहां वर्षा सामान्य से कम होने की संभावना है।

ग) अगस्त 2025 के दौरान, कई क्षेत्रों में मासिक औसत अधिकतम तापमान सामान्य या सामान्य से कम रहने की उम्मीद है, सिवाय पूर्वोत्तर भारत और उत्तर-पश्चिम, पूर्व के कुछ हिस्सों और दक्षिणी प्रायद्वीप के कई भागों को छोड़कर, जहाँ तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। अगस्त 2025 में, देश के अधिकांश हिस्सों में मासिक औसत न्यूनतम तापमान सामान्य या सामान्य से अधिक रहने की उम्मीद है। हालाँकि, उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों में सामान्य से कम न्यूनतम तापमान रहने की संभावना है।

**घ**) वर्तमान में, भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र में तटस्थ अल नीनो-दक्षिणी दोलन (ईएनएसओ/ENSO) स्थितियाँ व्याप्त हैं। नवीनतम मानसून मिशन जलवायु पूर्वानुमान प्रणाली (एमएमसीएफएस/MMCFS) के साथ-साथ अन्य जलवायु मॉडल पूर्वानुमानों से संकेत मिलता है कि शेष मानसून की ऋतु के दौरान तटस्थ ENSO स्थितियाँ जारी रहने की संभावना है।

**ङ**) वर्तमान में, हिंद महासागर के ऊपर तटस्थ हिंद महासागर द्विध्रुव (आईओडी/IOD) स्थितियाँ देखी जा रही हैं। नवीनतम MMCFS पूर्वानुमान के साथ-साथ अन्य जलवायु मॉडल पूर्वानुमानों से संकेत मिलता है कि तटस्थ IOD स्थितियाँ मानसून की ऋतु के अंत में कमजोर नकारात्मक IOD स्थितियों में बदल सकती हैं।

च) भारत मौसम विज्ञान विभाग अगस्त 2025 के अंत तक सितंबर माह के दौरान की वर्षा का पूर्वानुमान जारी करेगा।

## 1. पृष्ठभूमि

2021 से, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी/IMD) देश भर में वर्षा और तापमान के लिए मासिक और ऋतुनिष्ठ पैमाने पर परिचालनात्मक दीर्घकालिक पूर्वानुमान जारी करने के लिए एक नई रणनीति का उपयोग कर रहा है। इसके लिए, एक नव-विकसित मल्टी-मॉडल एनसेंबल (एमएमई/MME) पूर्वानुमान प्रणाली का उपयोग किया जाता है। यह MME प्रणाली, IMD के मानसून मिशन जलवायु पूर्वानुमान प्रणाली (एमएमसीएफएस/MMCFS) मॉडल सहित विभिन्न वैश्विक जलवायु पूर्वानुमान और अनुसंधान केंद्रों से प्राप्त युग्मित वैश्विक जलवायु मॉडल (सीजीसीएम/CGCM) के अनुकरण (सिमुलेशन) का उपयोग करती है।

आईएमडी ने 15 अप्रैल को देश भर में 2025 दक्षिण-पश्चिम मानसून ऋतुनिष्ठ (जून से सितंबर) वर्षा के लिए प्रथम चरण का पूर्वानुमान जारी किया था और 27 मई 2025 को पूर्वानुमान के लिए अद्यतन जारी किया था। इसके अलावा, आईएमडी ने 27 मई, 2025 को जून के दौरान और 30 जून, 2025 को जुलाई के दौरान वर्षा का पूर्वानुमान भी जारी किया। अगस्त-सितंबर, 2025 के दौरान ऋतुनिष्ठ वर्षा के लिए दक्षिण-पश्चिम मानसून वर्षा पूर्वानुमान और अगस्त 2025 के लिए मासिक वर्षा और तापमान का आउटलुक यहां प्रस्तुत किया गया है।

## 2. अगस्त से सितंबर (अगस्त+सितंबर), 2025 के दौरान देश भर में वर्षा का संभाव्य पूर्वानुमान

अगस्त से सितंबर तक पूरे देश में औसत वर्षा **सामान्य से अधिक (दीर्घकालिक औसत (LPA) का 106% से अधिक)** रहने की संभावना है। 1971 से 2020 के ऐतिहासिक आंकड़ों के आधार पर, अगस्त से सितंबर की अवधि के दौरान पूरे देश में वर्षा का दीर्घावधि औसत/LPA 422.8 मिमी है।

अगस्त से सितंबर 2025 की अवधि के दौरान वर्षा की टर्साइल श्रेणियों (सामान्य से अधिक, सामान्य और सामान्य से नीचे) के संभाव्य पूर्वानुमानों का स्थानिक वितरण **चित्र 1.** में प्रस्तुत किया गया है। मानसून ऋतु के उत्तरार्ध के दौरान, देश के अधिकांश भागों में सामान्य या सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है, सिवाय पूर्वोत्तर और उसके समीपवर्ती पूर्वी भारत के अनेक क्षेत्रों, मध्य भारत के कुछ इक्का-दुक्का क्षेत्रों और प्रायद्वीपीय भारत के दक्षिण-पश्चिमी भागों को छोड़कर, जहाँ सामान्य से कम वर्षा होने की संभावना है।

## 3. अगस्त 2025 के दौरान देश भर में वर्षा का संभाव्य पूर्वानुमान

**अगस्त 2025 में** पूरे देश में औसत वर्षा **सामान्य (दीर्घकालिक औसत का 94 से 106%)** रहने की संभावना है। 1971-2020 के आंकड़ों के आधार पर, अगस्त के दौरान पूरे देश में वर्षा का दीर्घकालिक औसत 254.9 मिमी है।

अगस्त 2025 के दौरान वर्षा की टर्साइल श्रेणियों (सामान्य से अधिक, सामान्य और सामान्य से नीचे) के संभाव्य पूर्वानुमानों का स्थानिक वितरण **चित्र 2.** में दर्शाया गया है। अगस्त 2025 के दौरान, देश के अनेक भागों में सामान्य या सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है सिवाय मध्य भारत के कई भागों, प्रायद्वीपीय भारत के पश्चिमी भागों, पूर्वोत्तर भारत तथा पूर्व और उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ भागों को छोड़कर, जहां वर्षा सामान्य से कम होने की संभावना है

## 4. अगस्त 2025 के दौरान देश भर में तापमान का संभाव्य पूर्वानुमान

चित्र. 3ए और चित्र. 3बी क्रमशः अगस्त 2025 के लिए अधिकतम और न्यूनतम तापमान की पूर्वानुमान संभावनाओं को दर्शाते हैं। अगस्त 2025 (चित्र 3ए) के दौरान, कई क्षेत्रों में मासिक औसत अधिकतम तापमान सामान्य या सामान्य से कम रहने की उम्मीद है, सिवाय पूर्वोत्तर भारत और उत्तर-पश्चिम, पूर्व के कुछ हिस्सों और दक्षिणी प्रायद्वीप के कई भागों को छोड़कर, जहाँ तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। देश के स्थलीय क्षेत्र के भीतर सफेद छायांकित क्षेत्रों पर मॉडल द्वारा कोई संकेत नहीं दिया गया है।

अगस्त **2025** में, देश के अधिकांश हिस्सों में मासिक औसत न्यूनतम तापमान सामान्य या सामान्य से अधिक रहने की उम्मीद है। हालाँकि, उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों में सामान्य से कम न्यूनतम तापमान रहने की संभावना है (चित्र. 3बी)। देश के स्थलीय क्षेत्र के भीतर सफेद छायांकित क्षेत्रों पर मॉडल द्वारा कोई संकेत नहीं दिया गया है।

## 5. प्रशांत और हिंद महासागर में समुद्री सतह तापमान (एसएसटी/SST) की स्थिति

वर्तमान में, भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र में तटस्थ अल नीनो-दक्षिणी दोलन (ईएनएसओ/ENSO) स्थितियाँ व्याप्त हैं। नवीनतम मानसून मिशन जलवायु पूर्वानुमान प्रणाली (एमएमसीएफएस/MMCFS) और अन्य जलवायु मॉडल पूर्वानुमानों से संकेत मिलता है कि शेष मानसून ऋतु के दौरान तटस्थ ENSO स्थितियाँ जारी रहने की संभावना है।


वर्तमान में, हिंद महासागर में तटस्थ हिंद महासागर द्विध्रुव (आईओडी/IOD) स्थितियाँ देखी जा रही हैं। नवीनतम MMCFS पूर्वानुमानों के साथ-साथ अन्य जलवायु मॉडल पूर्वानुमानों से

संकेत मिलता है कि मानसून ऋतु के अंत में तटस्थ IOD स्थितियाँ कमजोर नकारात्मक IOD स्थितियों में बदल सकती हैं।


## 6. विस्तारित रेंज पूर्वानुमान और लघु से मध्यम रेंज पूर्वानुमान सेवाएँ

आईएमडी देश भर में वर्षा और अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान के विस्तारित अवधि पूर्वानुमान (अगले चार सप्ताहों के लिए 7 - दिवसीय औसत पूर्वानुमान) भी प्रदान करता है, जिन्हें प्रत्येक सप्ताह बृस्पतिवार को अद्यतन किया जाता है। यह आईएमडी में वर्तमान में कार्यरत बहु-मॉडल समूह गतिशील विस्तारित रेंज पूर्वानुमान प्रणाली पर आधारित है। विस्तारित रेंज पूर्वानुमान आईएमडी वेबसाइट https://mausam.imd.gov.in/imd_latest/contents/extendedrangeforecast.php पर उपलब्ध हैं।


विस्तारित रेंज पूर्वानुमान के बाद आईएमडी द्वारा प्रतिदिन लघु से मध्यम रेंज का पूर्वानुमान जारी किया जाता है। ये पूर्वानुमान आईएमडी वेबसाइट https://nwp.imd.gov.in/gfsproducts_cycle00_mausam.php पर उपलब्ध हैं।





**चित्र 1.** दक्षिण-पश्चिम मानसून ऋतु, 2025 के उत्तरार्ध (अगस्त से सितंबर) के दौरान भारत में वर्षा की टर्साइल श्रेणियों का संभाव्य पूर्वानुमान। यह आंकड़ा निर्दिष्ट अवधि के दौरान भारत में वर्षा की सर्वाधिक संभावित टर्साइल श्रेणियों (सामान्य से कम, सामान्य और सामान्य से अधिक) को उनकी तत्समान संभावनाओं के साथ दर्शाता है। मॉडल में देश के भू-क्षेत्र के भीतर सफेद छायांकित क्षेत्रों के लिए कोई पूर्वानुमान संकेत नहीं है। संभाव्यता टर्साइल श्रेणियों (प्रत्येक 33.33%) में समान रूप से वितरित है।




**चित्र 2.** अगस्त, 2025 के दौरान भारत में वर्षा की टर्साइल श्रेणियों का संभाव्य पूर्वानुमान। यह आंकड़ा अगस्त माह के दौरान भारत में वर्षा की सर्वाधिक संभावित टर्साइल श्रेणियों (सामान्य से कम, सामान्य और सामान्य से अधिक) को उनकी तत्समान संभावनाओं के साथ दर्शाता है। मॉडल में देश के भू-क्षेत्र के भीतर सफेद छायांकित क्षेत्रों के लिए कोई पूर्वानुमान संकेत नहीं है। संभाव्यता टर्साइल श्रेणियों (प्रत्येक 33.33%) में समान रूप से वितरित है।




**चित्र 3ए.** अगस्त 2025 के दौरान अधिकतम तापमान का संभावित पूर्वानुमान।




**चित्र 3बी.** अगस्त 2025 के दौरान न्यूनतम तापमान का संभावित पूर्वानुमान।

.